

# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2019—2020


प्रस्तुतकर्ता

प्रो० रीता शर्मा

प्राचार्या

लेखक :

डॉ० सुशील कुमार

प्रो० पूजा कश्यप



राजकीय महाविद्यालय अर्की

जिला सोलन (हि०प्र०) 173208

# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2019–2020

महाविद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में उपस्थित समस्त महानुभाव, शिक्षक, गैर शिक्षक वर्ग एवम् प्रिय विद्यार्थियों। शैक्षणिक सत्र 2019–2020 की विभिन्न गतिविधियों तथा उपलब्धियों का विवरण आप सभी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यधिक हर्ष व गर्व की अनुभूति हो रही है। इस सत्र में NAAC टीम द्वारा हमारे महाविद्यालय को 2.30 अंकों के साथ B ग्रेड का दर्जा दिया गया है। समस्त महाविद्यालय परिवार इसके लिए बधाई का पात्र है। महाविद्यालय ने 25–07–2019 को अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाई। रजत जयन्ती के शुभ अवसर पर श्री सुरेश भारद्वाज माननीय शिक्षा मन्त्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा हम सभी को अपना आशीर्वाद दिया।

**1. बजट प्रावधान :**

महाविद्यालय के 2019–20 के सत्र के लिए कुल बजट राशि **रूपये 3,54,77,605/–** का प्रावधान किया गया है।

**2. प्रवेश विवरण :**

18 जून, 2019 से महाविद्यालय में नए सत्र का शुभारम्भ हुआ । राजकीय महाविद्यालय अर्की सह शिक्षण संस्था है । इस वर्ष महाविद्यालय के सभी संकाय में कुल 988 के करीब विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। इसमें लगभग 60% संख्या छात्राओं की रही हैं।

**3. शैक्षणिक उपलब्धियाँ :–**

हमारे महाविद्यालय के जिन छात्रों–छात्राओं ने अपनी कक्षा में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया हैं, उनका ब्यौरा निम्न प्रकार से है:–

| क्रमांक सं0 | कक्षा | O से O ++ ग्रेड़ में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या | A से A ++ ग्रेड़ में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञान स्नातक | 15 | 26 |
| 2. | कला स्नातक | 17 | 97 |
| 3. | वाणिज्य स्नातक | 04 | 35 |

**4. छात्रवृत्तियां :**

महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने इस सत्र में निम्नलिखित छात्रवृत्तियों के लिए **आवेदन किया है :–**

| | **छात्रवृत्ति का नाम** | **आवेदन की संख्या** |
|---|---|---|
| 1. | कल्पना चावला | 56 |
| 2. | अनुसूचित जाति वर्ग | 07 |
| 3. | आई0आर0डी0पी0 | 02 |
| 4. | इन्दिरा गांधी उत्कृष्ठ छात्रवृत्ति योजना | 02 |
| 5. | डॉ0 अम्बेदकर छात्रवृत्ति योजना (आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग) | 13 |
| | कुल आवेदन | 80 |

इसके अतिरिक्त अध्यापक अभिभावक संघ (PTA) की ओर से 10 छात्रवृत्तियों (रू0 20,000) प्रतिवर्ष के हिसाब से मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रदान की जाती हैं।

**5. केन्द्रीय छात्र परिषद् :–**

महाविद्यालय के दैनिक कार्यकलापों के प्रत्यक्ष रूप में भागीदार बनाने तथा शैक्षणिक, साहित्यिक एवम् सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन हेतू सत्र 2019–20 में केन्द्रीय छात्र परिषद् का मनोनयन विद्यार्थियों की शैक्षिणिक योग्यता के आधार पर किया गया।

| क्रमांक सं0 | पदनाम | छात्र का नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | कुमारी दिव्या | बी0एस0सी0 पंचम सत्र |
| 2. | उपाध्यक्ष | कुमारी दीक्षा गर्ग | बी0ए0 पंचम सत्र |
| 3. | सचिव | कुमारी स्मृति कंवर | बी0कॉम पंचम सत्र |
| 4. | सहसचिव | मुकुल ठाकुर | बी0ए0 पंचम सत्र |

इसके अतिरिक्त 15 कक्षा प्रतिनिधियों तथा कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन उनकी शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद तथा अन्य विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। मनोनीत केन्द्रीय छात्र परिषद् को दिनांक 10–10–2019 को प्राचार्या द्वारा उनके दायित्व का निर्वहन करने के लिए पद एवम् गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

**6. अध्यापक–अभिभावक संघ (पी0टी0ए0)**

महाविद्यालय में अभिभावकों, विद्यार्थियों तथा अध्यापकों में आपसी तालमेल व सामंजस्य बिठाने तथा विचारों का आदान–प्रदान करने के लिए अध्यापक–अभिभावक संघ का गठन सत्र 2019–20 के लिए चुनाव प्रक्रिया द्वारा 13–07–2019 को किया गया। कार्यकारिणी का ब्यौरा निम्न प्रकार से है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | श्री रोशन लाल वर्मा |
| 2. | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | श्रीमती सरस्वती कश्यप |
| 3. | उपाध्यक्ष | श्री वेद प्रकाश |
| 4. | सचिव | डॉ0 पूजा कश्यप |
| 5. | सह–सचिव | श्री प्रेम लाल |
| 6. | कोषाध्यक्ष | डॉ0 अरूण कुमार |

**7. पुस्तकालय :–**

हमारे महाविद्यालय में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए पुस्तकालय में सभी संकाय की पुस्तकें उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन के लिए पुस्तकालय में अंग्रेजी व हिन्दी में 10 दैनिक समाचार पत्र व 26 पत्रिकाएं नियमित रूप से उपलब्ध हैं। पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती अरूणबाला के अथक प्रयास से जल्दी से हम महाविद्यालय को पूरी तरह कम्प्यूटरीकृत करने के लिए कृत संकल्प है।

**8. शैक्षणिक भ्रमण :–**

शैक्षणिक व्यवस्था में छात्रों के बौद्धिक एवम् मनोवैज्ञानिक विकास के लिए भ्रमण का अपना ही अलग महत्व है । इस सत्र में हमारे महाविद्यालय के विज्ञान एवम् वाणिज्य संकाय के छात्र–छात्राओं ने अलग–अलग दल के रूप में प्रो0 अनुज, डॉ कामिनी, प्रो0 पुनम, प्रो0 अरूण के नेतृत्व में कपूरथला, अमृतसर, औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, नैनीताल, ऋषिकेश, हरिद्वार, इत्यादि स्थलों का भ्रमण किया।

**9. खेलकूद :**

महाविद्यालय के लिए यह सत्र खेलकूद, गतिविधियों व उपलब्धियों से भरा रहा। अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में इस वर्ष महाविद्यालय की विभिन्न खेलकूद स्पर्धाओं :– क्रॉस कंट्री, कब्बड्डी ऐथलैटिक, बॉस्केटबॉल, फुटबाल, शतरंज, खो–खो, हैंडबॉल, क्रिकेट, बॉक्सिग, जुडो तथा कुश्ती में पुरूषों की 10 टीमें तथा महिलाओं की 7 टीमों ने भाग लिया। हमारे महाविद्यालय में अन्तर विश्वविद्यालय खो–खो विशेष प्रशिक्षण शिविर 1–3 नवम्बर, 2019 को पुरूष वर्ग के लिए तथा 16–19 नवम्बर, 2019 को महिला वर्ग के लिए लगाया गया।

4–12–2019 को महाविद्यालय खेल परिसर में वार्षिक ऐथलैटिक्स मीट का आयोजन किया गया, इसमें बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी दीक्षा को सर्वश्रेष्ठ धाविका चुना गया। हमारे विद्यालय के छात्र चमन ने नॉर्थ अन्तर विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व किया। कु0 पल्लवी ने राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया तथा इन्दौरा महाविद्यालय में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में चन्द्रमोहन ने रजत पदक जीतकर अपना व महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

**10. सांस्कृतिक गतिविधियाँ :**

शिक्षा के साथ–साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का भी विद्यार्थियों के लिए अहम महत्व है। हमारे महाविद्यालय के युवाओं ने हि0प्र0 विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित युवा उत्सव की अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी उत्कृष्ट कलाओं का प्रदर्शन किया हैं। हमीरपुर में हमारी टीम ने अर्की क्षेत्र का पारम्परिक लोक नृत्य प्रस्तुत किया। राजकीय महाविद्यालय सीमा में 17–20 सितम्बर, 2019 तक आयोजित युवा उत्सव में जागृति ने सितार वादन में तथा आरती ने गजल व एकल गायन में भाग लिया। दिनांक 2–9–19 से 5–9–19 तक राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली में पश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हमारे विद्यार्थियों योगिता व मुकुल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**11. राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS):**

युवा शक्ति को राष्ट्रीय सेवा योजना के पुनीत कार्य से जोड़ने के लिए महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अनेक एक दिवसीय शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुनील चौहान के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा सफाई अभियान, वृक्षारोपण अभियान तथा पोलीथीन रोको अभियान को प्राथमिकता दी गई। दिनांक 9–12–2020 को महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। इसमें 65 युनिट रक्तदान किया गया। 09–12–2019 को **''फिट इण्डिया मूवमैन्ट''** के तहत महाविद्यालय की 136 बालिकाओं का एच0बी0 टेस्ट करवाया गया। रक्त की कमी को दूर करने के लिए खण्ड चिकित्सा अधिकारी अर्की ने उन्हें अनिवार्य बातें व टिप्स देकर जागरूक किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के हमारे दो स्वयं सेवियों कुमारी प्रगति व खेमचन्द ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव जिसका आयोजन 11–14 जरवरी, 2020 तक लखनऊ उत्तर प्रदेश में हुआ, इसमें भाग लेकर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का गौरव बढ़ाया। स्वयं सेवियों ने **''एक भारत श्रेष्ठ भारत''** कार्यक्रम के तहत केरल राज्य की संस्कृति पर महाविद्यालय परिसर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया।

स्वयं सेवियों द्वारा **विश्व एड्स दिवस** (02–12–2019) को महाविद्यालय परिसर में मनाया गया। स्वयंसेवियों ने इस खतरनाक बिमारी से लड़ने के लिए रैली निकालकर, नुक्कड नाटक व स्किट द्वारा सभी को जागरूक किया गया। दिनांक 23–12–2019 से 29–12–2019 तक स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय परिसर में 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। इसमें 50 स्वयं सेवियों ने भाग लिया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने नगर पंचायत अर्की के वार्ड सं0 2 को गोद लिया। ''जल है तो कल है'' उद्देश्य के तरह स्वयंसेवियों ने नगरवासियों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया व श्रमदान किया।

## 12. यूथ रेडक्रॉस / स्काऊटस एण्ड गाइड :

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ–साथ यूथ रेड क्रॉस, भारत स्काऊटस एण्ड गाइड को भी समान महत्व दिया गया है। यूथ रेड क्रॉस की प्रभारी डॉ0 कामिनी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने कैंसर पीड़ित रोगियों की भोजन व्यवस्था के लिए 7520 रूपये की अंशदान राशि एकत्रित कर आई0जी0एम0सी0 शिमला को भेंट की। इसके अलावा नए ट्रैफिक नियमों के बारे में तथा नशावृति के बारे में समाज को जागरूक किया गया।

स्काऊटस एण्ड गाइड का गठन भी महाविद्यालय में किया गया है। रैंजर की प्रभारी प्रो0 पुनम तथा रोबर के प्रभारी प्रो0 कुलदीप हैं। महाविद्यालय के हित में व समाज को जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रमों में रोबर व रैंजर महाविद्यालय प्रशासन को अपना सहयोग करते हैं। 26–30 सितम्बर, 2019 को महाविद्यालय के 9 रैंजर तथा 4 रोबर ने रिवाल्सर मण्डी में आयोजित विशेष शिविर में भाग लिया।

## 13. अन्य गतिविधियाँ :

इसके अलावा महाविद्यालय में विभिन्न विषय समितियों द्वारा अनेक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस 5–9–2019 को, हिन्दी दिवस 14–9–2019, अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस 7–3–2020 को संविधान दिवस 26–11–2019 को, राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस 26–09–2019 को मनाए गए। 25–11–2019 को "शिक्षा का मूल्य और विद्यार्थी जीवन" विषय पर प्रबुद्ध बौ़द्ध विद्वान डॉ0 टी0 एन0 नेगी रिनपोछे ने अपना विशेष व्याख्यान विद्यार्थियों को दिया।

## 14. प्राध्यापक / कर्मचारी वर्ग की उपलब्धियां :

डॉ0 दलीप शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में 29–30 नवम्बर, 2019 तक आयोजित दो दिवसीय अन्तर राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेकर अपना शोध पत्र पढ़ा, जिसका बाद में प्रकाशन भी हुआ। इन्होनें सम्मेलन में एक सत्र की अध्यक्षता भी की। 21–9–2019 को इन्होंने हि0प्र0 विश्वविद्यालय शिमला में गणित विभाग द्वारा आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में बतौर सदस्य भाग लिया।

इस सत्र में प्रो0 पूजा कश्यप, डॉ0 प्रेम पॉल व डा0 अरूण कुमार ने हि0प्र0 विश्वविद्यालय के अकादमिक स्टाफ कॉलेज द्वारा आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम में तथा डॉ0 कैलाश ने 18–06–19 से 08–07–19 तक भूगोल विषय के पुनश्चर्या कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ0 प्रवीण भाटिया, डॉ0 मनोज जरेट, प्रो0 पूजा कश्यप तथा डॉ0 सुनील चौहान ने विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की।

डॉ0 दीपक शर्मा, डॉ0 अंजली चौहान, डॉ0 सुशील कुमार, डॉ0 दिनेश कंवर तथा डॉ0 सुनील चौहान ने राजकीय महाविद्यालय धामी में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी (6–7 दिसम्बर, 2019) में भाग लेकर अपने – अपने शोध पत्र पढ़े। डॉ0 दीपक व डॉ0 सुशील कुमार ने नादौन महाविद्यालय में आयोजित (29–11–2019 से 30–11–2019) को राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेकर अपने शोध पत्र पढ़े तथा एक–एक सत्र की अध्यक्षता भी की।

राजकीय महाविद्यालय ठियोग में 07–09–2019 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ0 पूजा कश्यप, डॉ0 दिनेश कंवर व डॉ0 सुनील चौहान ने अपने–अपने शोध पत्र की प्रस्तुति दी। दिनांक 23–09–2019 को क्षेत्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान न्यू शिमला (केन्द्रीय भारत सरकार) के कार्यालय में हिन्दी पखवाड़ा के आयोजन पर डॉ0 सुशील ने विषय विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।

इसी सत्र में डॉ0 दीपक शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक ''शहरी विकास प्रशासन'' का प्रकाशन दिल्ली से हुआ। HGCTA द्वारा (05–12–2019) को पीटर हॉफ में आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार ''उच्चतर शिक्षा मुद्दे एवम् चुनौतियॉं'' विषय पर महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापकों ने भाग लिया।

डॉ0 सरबन कुमार ने 10–10–2019 को राजकीय महाविद्यालय रिकॉंगपियों (किन्नौर) में **''शिक्षा का मूल्य तथा संसाधन''** विषय पर तथा 26–09–2019 को SCERT सोलन में **''योग साधना''** विषय पर अपने व्याख्यान दियें। डॉ0 शिव कुमार ने 15–07–2019 से 27–07–2019 तक SCERT में इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम में भाग लिया।

3–12–2019 को डॉ0 दिनेश कंवर ने भाषा संस्कृति विभाग द्वारा धर्मशाला में ''यशपाल जयन्ती'' के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। टैगोर की प्रमुख कृति गीताजंली पर इनकी समीक्षात्मक पुस्तक प्रकाशित हुई तथा राजस्थान की हिन्दी पत्रिका ''मरू गुलशन'' के जनवरी अंक में हिन्दी की ''लघु काव्य रचना'' भी प्रकाशित हुई। प्रो0 मानव चौधरी ने इस सत्र में हमीरपुर तथा कुल्लू में भारतीय अनुसन्धान परिषद् द्वारा प्रायोजित एवम् वित्तीय पोषित कार्यशालाओं में भाग लिया। डॉ0 अनुज ने लखनऊ विश्वविद्यालय में 23 से 27 दिसम्बर, 2019 को आयोजित कार्यक्रम "64th DAF-BRNS Symposium on Nuclear Physics" में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। प्रो0 अरूण ने हि0प्र0 विश्वविद्यालय में 27–28 दिसम्बर, 2019 को दो दिवसीय कार्यशाला में पत्रवाचन किया।

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) ने दिनांक 09–09–2019 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती वर्ष के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया, इसमें पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवम् साहित्यकार श्री के0 आर0 भारती तथा वरिष्ठ सम्पादक गिरिराज एवम् हिमप्रस्थ श्री विनोद भारद्वाज स्रोत वक्ता रहें। इसमें सभी शिक्षक / गैर शिक्षक वर्ग तथा अनेक विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

प्रो0 रविराम ने अन्तर महाविद्यालय महिला एवम् पुरूष बैडमिटंन प्रतियोगिता में, ऑल इण्डिया अन्तर विश्वविद्यालय बैडमिटंन प्रतियोगिता नागपुर में तथा प्रथम ''खेलों इण्डिया विश्वविद्यालय'' खेलों में जिसका आयोजन भुवनेश्वर (उड़ीसा) में हुआ, इनमें बतौर टीम मनैजर अपनी सेवाएं देकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रो0 पुनमा ने 26–06–19 से 02–07–19 तक स्काऊटस एण्ड गाइड के बुनियादी प्रशिक्षण शिविर में तथा 24–28 जनवरी, 2020 तक केरल में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में भाग लिया।

**15. कर्मचारी वर्ग :**

वर्तमान में इस महाविद्यालय में 23 प्राध्यापक, एक कार्यालय अधीक्षक, एक कार्यालय लिपिक सहित 4 वरिष्ठ तथा कनिष्ठ प्रयोगशाला परिचर, एक तबला वादक तथा 9 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त Self Finance कोर्स में 4 प्राध्यापक भी कार्य कर रहे हैं।

महाविद्यालय में जीव विज्ञान, प्राणी विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के पद काफी समय से रिक्त पड़े हैं। कार्यालय में वरिष्ठ सहायक व स्टोर लिपिक के पद भी रिक्त हैं।

इस सत्र में डॉ0 सुरेन्द्र शर्मा (गायन संगीत) का स्थानान्तरण राजकीय महाविद्यालय सुन्नी के लिए हुआ तथा उनके स्थान पर डॉ0 प्रेमपॉल ने स्थान ग्रहण किया। डॉ0 सन्तोष कुमार (वाद्य संगीत) व डॉ0 लक्ष्मी सन्धू का स्थानान्तरण आ0के0एम0वी0 कॉलेज शिमला को हुआ तथा उनके स्थान पर डॉ0 प्रवीण भाटिया तथा डॉ0 अंजली चौहान ने इस महाविद्यालय में अपना कार्यभार सम्भाला । डॉ0 आशा का स्थानान्तरण जे0एल0एन0 ललित कला महाविद्यालय शिमला तथा उनके स्थान पर डॉ0 सुशील ने हिन्दी प्राध्यापक का पद भार ग्रहण किया। अंग्रेजी विभाग में डॉ0 रमेश के स्थान पर डॉ0 दिनेश कंवर ने अपना पदभार ग्रहण किया।

श्री रोहित कुमार वरिष्ठ प्रयोगशाला परिचर का स्थानान्तरण कोटशेरा महाविद्यालय के लिए हुआ तथा उनके स्थान पर श्री परमानन्द शर्मा ने कार्य ग्रहण किया। श्री विनोद शर्मा प्रयोगशाला परिचर 29–11–2019 को 39 वर्षों का सेवाकाल पूर्ण करने के उपरान्त यहां से सेवानिवृत हुए । समस्त महाविद्यालय परिवार ने उनकी सेवानिवृति पर उनके मंगल जीवन की कामना कर उन्हें हार्दिक बधाई दी ।

**16. समस्याएं :**

पारितोषिक वितरण समारोह में उपस्थित सभी महानुभाव विशेषकर पी0टी0ए0 के पदाधिकारीगण का ध्यान महाविद्यालय की गम्भीर समस्याओं पर आकर्षित करना चाहती हूँ। हमारे महाविद्यालय में शैक्षिक व गैर शैक्षिक वर्ग के जो पद पिछले काफी समय से रिक्त चल रहे हैं, उन्हें भरने के लिए हम समय–समय पर शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से पत्र व्यवहार करते रहते हैं। आपसे मेरा विशेष अनुरोध है कि आप भी अपने स्तर पर इसके लिए पहल करें ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सकें। नए नियमों के तहत महाविद्यालय के फण्ड से किसी को रखना असम्भ्व व मुश्किल हैं।

महाविद्यालय के पास बुनियादी अधारभूत ढांचें की कमी नहीं है लेकिन युवा शक्ति के व्यक्तित्व में निखार लाने के लिए महाविद्यालय के पास अपना आधुनिक तकनीक से निर्मित सभागार (ऑडिटोरियम) नही हैं। इसके अलावा आधुनिक सुविधाओं से युक्त खेल मैदान की कमी भी हमें खलती है। इसके निर्माण कार्य के लिए हम प्रयासरत है तथा समय–समय पर उच्चाधिकारियों से इस सम्बन्ध में बातचीत भी होती रहती हैं। महाविद्यालय के पास इन कार्यो के निर्माण के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। इस समस्याओं के अतिरिक्त हिन्दी, राजनिति शास्त्र तथा इतिहास विभाग में एक–एक अतिरिक्त प्राध्यापक के पद सृजित करने की भी बहुत आवश्यकता है।

**17. कृतज्ञता ज्ञापन :**

समस्त महाविद्यालय परिवार की तरफ से वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में उपस्थित सभी मेहमान महानुभाव का धन्यवाद करना चाहूँगी जिन्होंने आज यहाँ पधारकर हमारे कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा अपना बहुमूल्य समय निकालकर हमारा उत्साहवर्द्धन व मार्गदर्शन किया।

अन्त में सभी मेधावी छात्र–छात्राओं को बधाई देती हूँ जिन्हें आज अपनी परिश्रम का पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव मिला । मैं आशा करती हूँ कि भविष्य में भी सफलता आपके कदम चूमें। आप सभी के सुख और मंगलमय भविष्य की कामना करती हूँ आप सभी का हार्दिक धन्यवाद।

**जय हिन्द!**

**प्रस्तुतकर्ता,**
**प्रो0 रीता शर्मा**
**प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय,**
**अर्की।**